# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Colloquium on**

**"Challenges and Prospects of Future India: under the leadership of Prime Minister Modi"**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 06-07-2022**

कार्यक्रम

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मोदी-20 ड्रीम्स मीट डिलिवरी पर कार्यक्रम का आयोजन

## स्वावलंबन की ओर बढ़ रहा देश : प्रो. टंकेश्वर

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मोदी-20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी पर मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के न्यासी सदस्य प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री मुख्यातिथि तथा महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतीहारी के पूर्व कुलपति और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रो. संजीव कुमार शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की प्रो. निधि शर्मा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। प्रो. टंकेश्वर ने कहा कि आज की यह चर्चा प्रमुख रूप से अंत्योदय के विकास से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को पहचान दिलाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यप्रणाली पर आधारित है। अवश्य ही इस संवाद के माध्यम से देश के विकास की यात्रा को गहराई से जानने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश शिक्षा, रक्षा, विज्ञान आदि के क्षेत्र स्वावलंबन की ओर बढ़ रहा है।




हकेंविवि में कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्रा कुमार व अन्य। संवाद

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए यह कहना गलत नहीं होगा कि पहली बार देश को मन का प्रधानमंत्री मिला है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि निखारने के साथ-साथ आम नागरिक के उत्थान के लिए भी नित नए प्रयास करते हैं। आज देश में परिवारवाद, वंशवाद से इतर ऐसा राजनीतिक नेतृत्व विकसित हो रहा है जो कि आम व्यक्ति को बदलाव के अवसर उपलब्ध करा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने विचार की गुलामी, भाषा के आतंक और धर्म व जातिवाद को केंद्र में रखते हुए भारतीय स्वतंत्रता के बाद की परिस्थितियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके कालखंडों में आए बदलावों पर अपनी बात रखी। उन्होंने भाषा की बाध्यता और उससे भारतीय ज्ञान के प्रसार में आने वाली परेशानियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दिशा में भी अब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से बदलाव की पहल हो गई है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी शिक्षकों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने उपस्थित विशेषज्ञों से अपनी शंकाओं के समाधान भी प्राप्त किए। कार्यक्रम की शुरूआत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

## Public Relations Office

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 06-07-2022**

## भारत की विकास यात्रा में पीएम के योगदान पर चर्चा



**महेंद्रगढ़**| हकेंवि, महेंद्रगढ़ में मोदी @ 20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक पर मंगलवार को विशेष वार्तालाप का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भविष्य के भारत की चुनौतियों एवं संभावनाएं विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में मोदी @ 20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक पर विस्तार से विमर्श हुआ। इस आयोजन में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के न्यासी सदस्य प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री मुख्य अतिथि तथा महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतीहारी के पूर्व कुलपति व चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रो. संजीव कुमार शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की प्रो. निधि शर्मा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज की यह चर्चा प्रमुख रूप से अंत्योदय के विकास से लेकर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत को पहचान दिलाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यप्रणाली पर आधारित है और अवश्य ही इस संवाद के माध्यम से देश के विकास की यात्रा को गहराई से जानने में मदद मिलेगी।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 06-07-2022**

# प्रधानमंत्री का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में मोदी एट 20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक पर मंगलवार को विशेष वार्तालाप का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भविष्य के भारत की चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में मोदी एट टवेंटी ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक पर विस्तार से विमर्श हुआ।

इस आयोजन में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के न्यासी सदस्य प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री मुख्य अतिथि तथा महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतीहारी के पूर्व कुलपति व चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रो. संजीव कुमार शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की प्रो. निधि शर्मा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आज की यह चर्चा प्रमुख रूप से अंत्योदय के विकास से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को पहचान दिलाने वाले प्रधानमंत्री की कार्यप्रणाली पर आधारित है और अवश्य ही इस संवाद के माध्यम से देश के विकास की यात्रा को गहराई से जानने में मदद मिलेगी।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री कुमार को पुष्प गुच्छ भेंट करते हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार (बाएं) ● सौ. हकेंवि

प्रधानमंत्री को जानने के लिए कोई किताब पढ़ने की आवश्यकता नहीं है, वे आमजन से इस तरह से जुड़ें हुए हैं कि हर व्यक्ति उनके व्यक्तित्व को जानता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश शिक्षा, रक्षा, विज्ञान आदि के क्षेत्र स्वावलंबन की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए यह कहना गलत नहीं होगा कि पहली बार देश को मन का प्रधानमंत्री प्राप्त हुआ।

ऐसा प्रधानमंत्री जो देश के विकास की बात करता है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि निखारने के साथ-साथ आम नागरिक के उत्थान के लिए भी नित नए प्रयास करता है। मुख्य अतिथि प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने विचार की गुलामी, भाषा के आतंक और धर्म व जातिवाद को केंद्र में रखते हुए भारतीय स्वतंत्रता के बाद की परिस्थितियों और प्रधानमंत्री व उनके कालखंडों में आए बदलावों पर

### हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मोदी एट 20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक पर विशेष वार्तालाप का किया गया आयोजन

अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत में आजादी के बाद भी यूरोपीय प्रभाव को महत्व दिया गया, जिसके परिणाम स्वरूप विचारों में पूर्णतः स्वतंत्रता नहीं आई।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी शिक्षकों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने उपस्थित विशेषज्ञों से अपनी शंकाओं के समाधान भी प्राप्त किए। कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम के संयोजक डा. राजीव कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर प्रो. आनंद शर्मा, प्रो सारिका शर्मा, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. राजीव कौशिक, डा. संतोष एच, प्रो. रंजन अनेजा, डा. पायल चंदेल, डा. रणबीर सिंह, डा. दिनेश कुमार, डा. दिनेश चहल, डा. एपी. शर्मा, डा. नरेंद्र परमार, डा. प्रदीप सिंह, डा. दिव्या, डा. मनीष कुमार सहित भारी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 06-07-2022**

# मोदी-20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक पर विशेष वार्तालाप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मोदी-20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक पर मंगलवार को विशेष वार्तालाप का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भविष्य के भारत की चुनौतियों एवं संभावनाएं विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में मोदी-20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक पर विस्तार से विमर्श हुआ। इस आयोजन में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के न्यासी



सदस्य प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री मुख्यातिथि तथा महात्मा गांधी केंद्रीय विवि, मोतीहारी के पूर्व कुलपति व चौधरी चरण सिंह विवि के प्रो. संजीव कुमार शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मौके पर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की प्रो. निधि शर्मा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए ये कहना गलत नहीं होगा कि पहली बार देश को मन का प्रधानमंत्री मिला हैं। ऐसा प्रधानमंत्री जो देश के विकास की बात करता है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

## Public Relations Office

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 06-07-2022**

# मोदी@20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक पर विशेष वार्तालाप आयोजित

**■ भारत की विकास यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान पर हुआ विचार-विमर्श**





*कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री कुमार को पुष्प गुच्छ भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, (दाएं) कार्यक्रम को संबोधित करते प्रो. संजीव कुमार शर्मा।*

महेंद्रगढ़, 5 जुलाई (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (ह.कें.वि.), महेंद्रगढ़ में मोदी@20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक पर मंगलवार को विशेष वार्तालाप का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भविष्य के भारत की चुनौतियों एवं संभावनाएं विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में मोदी@20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक पर विस्तार से विमर्श हुआ।

इस आयोजन में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के न्यासी सदस्य प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री मुख्य अतिथि तथा महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतीहारी के पूर्व कुलपति व चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रो. संजीव कुमार शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

इस दौरान बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की प्रो. निधि शर्मा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की।

उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज की यह चर्चा प्रमुख रूप से अंत्योदय के विकास से लेकर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत को पहचान दिलाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यप्रणाली पर आधारित है और अवश्य ही इस संवाद के माध्यम से देश के विकास की यात्रा को गहराई से जानने में मदद मिलेगी।

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में ब्लैंडेड माध्यम से आयोजित इस वार्तालाप की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश शिक्षा, रक्षा, विज्ञान आदि के क्षेत्र स्वावलंबन की ओर बढ़ रहा है। उनका जीवन अध्ययन करने पर अवश्य ही इस बात की प्रेरणा मिलती है कि किस तरह से देश में बदलाव लाकर आखिरी पायदान पर खड़े जनमानस का उत्थान संभव है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. संजीव कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए यह कहना गलत नहीं होगा कि पहली बार देश को मन का प्रधानमंत्री प्राप्त हुआ। प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि आज देश में परिवारवाद, वंशवाद से इत्तर ऐसा राजनीतिक नेतृत्व विकसित हो रहा है जो कि हर आम व्यक्ति को बदलाव के अवसर उपलब्ध करवा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने विचार की गुलामी, भाषा के आतंक और धर्म व जातिवाद को केंद्र में रखते हुए भारतीय स्वतंत्रता के बाद की परिस्थितियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके कालखंडों में आए बदलावों पर अपनी बात रखी।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी शिक्षकों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने उपस्थित विशेषज्ञों से अपनी शंकाओं के समाधान भी प्राप्त किए। कार्यक्रम की शुरूआत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रो. सुनील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

इस मौके पर प्रो. आनंद शर्मा, प्रो. सारिका शर्मा, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. राजीव कौशिक, डॉ. संतोष एच, प्रो. रंजन अनेजा, डॉ. पायल चंदेल, डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।